कृषि विज्ञान केंद्र, चिन्यालीसौड़ में किया गया पोषण अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम|

विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (भा० कृ० अनु० परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में दिनांक 17 सितम्बर 2022 को पोषण अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर किसान गोष्ठी एवं इफ्फको के सहयोग से बीज वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया|

इस कार्यक्रम में, श्री प्रेम चंद अग्रवाल ,मा0 कैबिनेट मंत्री, शहरी विकास एवं वित्त मंत्रालय, उत्तराखंड सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे| अपने संबोधन में उन्होनें प्रधानमन्त्री द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और किसानों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिये प्रेरित किया साथ ही उन्होनें कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विभिन्न योजनाओ को आम जनमानस तक पहुचाने में काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे है| उनके द्वारा केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया तथा देश के अनेक विश्वविद्यलायों से चार महीने की ट्रेनिंग पर आए कृषि स्नातकों से वर्तमान सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर चर्चा करी|

कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव द्वारा किसानों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कुपोषण के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए और पोषण स्तर में सुधार और बेहतरी लाने हेतु पोषण वाटिकाओं का बनाया जाना जरुरी है |अपने संबोधन में उन्होनें बताया कि पोषण वाटिकाओं में मौसम के हिसाब से लौकी, पपीता, तुरई, ककड़ी, शिमला मिर्च, टमाटर, पुदीना, फूलगोभी, प्याज, गाजर, पालक, मूली आदि उत्पादित की जा सकती हैं।

कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में आयी श्रीमती बीना विष्ट अध्यक्षा नगर पालिका चिन्यालीसौड, द्वारा भी किसानों को विभिन्न योजनाओं से जुडकर उनका लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया गया| साथ ही उन्होंने पोषक वाटिका के महत्व पर जोर दते हुए सभी से अपने अपने घरों में पोषक वाटिका बनाने को कहा || डॉ पंकज नौटियाल द्वारा भी पोषक वाटिका के महत्व पर जोर दते हुए सभी से अपने अपने घरों में पोषक वाटिका बनाने को कहा, जिससे प्रत्येक महिला एवं उसके परिवार को घर पर ही पोषक तत्वों से युक्त ताजी सब्जियां निरंतर मिलती रहेंगी | कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए डा विजय बडोनी नगर अध्यक्ष भा ज पा , श्री मनवीर सिंह चौहान प्रदेश मीडिया प्रभारी भा ज पा, श्री शैलेन्द्र कोहली ब्लाक प्रमुख डुंडा, श्री जोत सिंह बिष्ट, श्री सुमन बडोनी, श्री मनोज कोहली, श्री गोपाल रावत आदि ने भी अपने विचार रखे एवं वृक्षारोपण किया गया | इस अवसर पर केंद्र में दूरदराज गावों से आये किसानों को पौष्टिकता से भरपूर विभिन्न सब्जियों के बीज वितरित किये और उन्हें पोषक वाटिका निर्माण की रूपरेखा से अवगत कराया गया | कार्यक्रम में केंद्र से डॉ मनीषा आर्य , नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे , सचिन पंवार , ख्याली राम, विभिन्न विश्वविद्यालयो से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने आये बी०एस०सी० कृषि के प्रशिक्षु छात्र छात्राए, क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं और प्रगतिशील कृषकों समेत 140 से अधिक लोग मौजूद रहे|